# Bhartiyam International School

**Periodic Assessment – 1 (2022-23)**
**Subject: Hindi (Set-1)**
**Class: X**

**Date: 00/00/2022** **Max. Mark: 40**
**Name: ________________** **Roll No: _______** **Dur: 1 hr 30 min.**

निर्देश- १.सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं।
२ .कार्य सुलेख के साथ करें।
३ .प्रश्नों के उत्तर यथासंभव क्रमानुसार दें।

**(खंड -क पठित बोध)**

**प्रश्न 1- नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए -** (1X5=5)

'ताजमहल, महात्मा गांधी और दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र' इन तीन बातों से दुनिया में हमारे देश की ऊँची पहचान है । ताजमहल भारत की अंतरात्मा की, उसकी बहुलता की एक धवल धरोहर है । यह सांकेतिक ताज आज खतरे में है । उसको बचाए रखना बहुत ज़रूरी है ।
मजहबी दर्द को गांधी दूर करते गए । इस बात को दुनिया जानती है, गांधीवादी नहीं जानते हैं । गांधीवादी उस गांधी को चाहते हैं जो कि सुविधाजनक है । राजनीतिज्ञ उस गांधी को चाहते हैं जो कि और भी अधिक सुविधाजनक है । आज इस असुविधाजनक गांधी का पुनः आविष्कार करना चाहिए, जो कि कड़वे सच बताए, खुद को भी औरों को भी ।
अंत में तीसरी बात लोकतंत्र की । हमारी जो पीड़ा है, वह शोषण से पैदा हुई है, लेकिन आज विडंबना यह है कि उस शोषण से उत्पन्न पीड़ा का भी शोषण हो रहा है । यह है हमारा ज़माना, लेकिन अगर हम अपने पर विश्वास रखें और अपने पर स्वराज लाएँ तो हमारा ज़माना बदलेगा । खुद पर स्वराज तो हम अपने अनेक प्रयोगों से पा भी सकते हैं, लेकिन उसके लिए अपनी भूलें स्वीकार करना, खुद को सुधारना बहुत आवश्यक होगा ।

क – संसार में भारत की प्रसिद्धि का कारण क्या है?
ख – गांधीवादी आज किस तरह के गांधी को चाहते हैं?
ग – हमारे देश के लिए ताजमहल का क्या महत्त्व है?
घ – ताजमहल को आज किस स्थिति से गुजरना पड़ रहा है?
ङ– राजनीतिज्ञ किस गांधी की आकांक्षा रखते हैं?

**प्रश्न 2- नीचे दिए गए काव्यांश को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए -** (1X5=5)

आज की दुनिया विचित्र, नवीन;
प्रकृति पर सर्वत्र है विजयी पुरुष आसीन।
हैं बँधे नर के करों में वारि, विद्युत्, भाप,
हुक्म पर चढ़ता-उतरता है पवन का ताप।
है नहीं बाकी कहीं व्यवधान,
लाँघ सकता नर सरित्, गिरि, सिंधु एक समान।

प्रकृति के सब तत्त्व करते हैं मनुज के कार्य;
मानते हैं हुक्म मानव का महा वरुणेश,
और करता शब्दगुण अंबर वहन संदेश।
नव्य नर की मुष्टि में विकराल,
हैं सिमटते जा रहे प्रत्येक क्षण विकराल।
यह प्रगति निस्सीम! नर का यह अपूर्व विकास!
चरण-तल भूगोल! मुट्ठी में निखिल आकाश!
किंतु, है बढ़ता गया मस्तिष्क ही निःशेष,
शीश पर आदेश कर अवधार्य,
छूट पर पीछे गया है रह हृदय का देश;
मोम-सी कोई मुलायम चीज़
ताप पाकर जो उठे मन में पसीज-पसीज।

क – कवि को आज की दुनिया विचित्र और नवीन क्यों लग रही है?
ख – मानव द्वारा किए गए वैज्ञानिक प्रगति के अद्भुत विकास कवि को खुशी क्यों नहीं दे रहे हैं?
ग – 'हैं नहीं बाकी कहीं व्यवधान' के माध्यम से कवि क्या कहना चाहता है?
घ – मानव ने किसे नियंत्रित किया है?
ङ– काव्यांश को उचित शीर्षक दीजिए।

**(खंड ख : व्याकरण बोध)**

**प्रश्न 3- निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित पदों का परिचय दीजिए -** (1X8=8)

क – ज्ञान-राशि के संचित कोष का नाम ही साहित्य है ।
ख – हँसी न केवल निराश व्यक्ति की हताशा दूर करती है बल्कि उसमें आशा का संचार भी करती है ।
ग – आज तो मैं समय से पूर्व ही घर पहुँच गया था ।
घ – मेरी माता जी बहुत ही कोमल स्वभाव की हैं ।
ङ– हमारा लोकतंत्र यदि कहीं कमज़ोर है तो उसकी एक बड़ी वजह हमारे राजनीतिक दल हैं ।
च – विभा सवेरे ही विद्यालय के लिए निकल गई थी ।
छ – मोहन ने अब तक अपना कार्य पूरा कर लिया होगा ।
ज – राजनीति के दाँव पेच बहुत निराले हैं ।

**(खंड ग : पठित बोध)**

**प्रश्न 4- निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए –** (2X2=4)

क – गोपियों ने उद्धव को योग की शिक्षा कैसे लोगों को देने की बात कही है?
ख – गोपियों को कृष्ण में ऐसे कौन-से परिवर्तन दिखाई दिए जिनके कारण वे अपना मन वापस लेने की बात कहती हैं?
ग – गोपियों ने कृष्ण के प्रति अपने अनन्य प्रेम को किस प्रकार अभिव्यक्त किया है?

**प्रश्न 5- निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए –** (2X2=4)

क – छोटे कस्बों में सार्वजनिक निर्माण में प्रायः कौन-सी समस्याएँ आती हैं ? 'नेताजी का चश्मा' पाठ के आलोक में प्रश्न का उत्तर दीजिए ।
ख – जब तक हालदार साहब ने कैप्टन को साक्षात देखा नहीं था तब तक उनके मानस पटल पर उसका कौन सा चित्र रहा होगा, अपनी कल्पना से लिखिए ।
ग – 'नेताजी का चश्मा' पाठ के माध्यम से लेखक ने क्या संदेश देने का प्रयास किया है?

**प्रश्न 6- निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर दीजिए –** 4

क – 'माता का अँचल' पाठ में तीस के दशक की ग्रामीण संस्कृति का चित्रण है। आज की ग्रामीण संस्कृति में आपको किस तरह के परिवर्तन दिखाई देते हैं?
ख – 'कुसंगत का परिणाम सदैव बुरा होता है।' माता का अँचल पाठ के प्रकाश में इस कथन की व्याख्या कीजिए?

**(खंड घ : लिखित बोध)**

**प्रश्न 7**- अपने क्षेत्र के विधायक को पत्र लिखकर अपने गाँव में एक बालिका विद्यालय की स्थापना के लिए अनुरोध कीजिए।

अथवा

'सामाजिक सेवा कार्यक्रम' के अंतर्गत किसी ग्राम में सफाई अभियान के अनुभवों का उल्लेख करते हुए अपने मित्र को पत्र लिखिए । 5

**प्रश्न 8** - 'समाचार-पत्र एक : लाभ अनेक' विषय पर निम्नलिखित बिन्दुओं को ध्यान में रखते हुए लगभग 150 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए । 5

- जिज्ञासा पूर्ति का सस्ता एवं सुलभ साधन
- रोज़गार का साधन
- समाचार पत्रों के प्रकार
- जानकारी के साधन ।

अथवा

'पृथ्वी का रक्षक : अदृश्य' ओजोन विषय पर निम्नलिखित बिन्दुओं को ध्यान में रखते हुए लगभग 150 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए ।

- ओजोन परत क्या है?
- मनुष्य की प्रगति और ओजोन परत
- ओजोन नष्ट होने का कारण
- ओजोन बचाएँ जीवन बचाएँ।